दिन– गुरुवार दिनांक– 27 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नेपाल में आई भीषण बाढ़ से गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण और मुजफ्फरपुर समेत छह जिलों में सतर्कता बढ़ाई गयी।
02. गंडक नदी के जलस्तर में आज सुबह से आने लगी है गिरावट। वाल्मीकिनगर बराज पर स्थिति सामान्य।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राज्य के सभी जिलों के दो–दो महाविद्यालयों में युवाओं की होगी भागीदारी।
04. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पांच लाख जीविका दीदियों के बीच मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली और दूसरी किस्त की राशि का करेंगे अंतरण।
05. और, राजधानी पटना में स्वाइन फ्लू के दो मरीजों की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सतर्कता।

---

नेपाल में आई भीषण बाढ़ से गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में उच्चस्तरीय बैठक कर बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की और सभी तटबंधों तथा बांधों की चौबीसों घंटे निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली सहित गंडक नदी से सटे जिलों को अलर्ट रहने को कहा है। इधर, हमारी संवाददाता ने बताया कि गंडक नदी के जलस्तर में आज सुबह से कमी आने लगी है।

–––व्यॉस कास्ट–––

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

–––साउंड बाईट–––

पश्चिम चंपारण जिले में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं। जिले के दस प्रखंडों के निचले इलाकों में माइकिंग कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने नाव, शेल्टर होम और सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने गंडक बराज तथा तटबंधों का निरीक्षण कर जलस्तर की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने और प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने तथा अफवाहों से बचने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

इधर, बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एसएसबी की टीमों की तैनाती की गयी है। संबंधित जिलों में प्रभावित लोगों को

सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ–साथ पर्याप्त नाव, राहत शिविर और सामुदायिक रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

---

इधर, नेपाल में कल आई भीषण बाढ़ में लगभग एक सौ साठ लोगों की मौत हो गई और एक सौ तैंतीस भारतीय नागरिकों समेत सात सौ पचास से अधिक लोग लापता हैं। तिब्बत से आई इस बाढ़ ने कई कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण पुलों को बहा ले गई और कई जलविद्युत परियोजनाओं को ठप कर दिया। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें हर संभव मानवीय सहायता का आश्वासन दिया। भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री के साथ–साथ आवश्यक दवाओं की दस टन की पहली खेप नेपाल भेजी है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नेपाल में भीषण बाढ़ से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत सरकार और भारतीय नागरिक नेपाल के लोगों के साथ हैं तथा राहत और बचाव कार्यों में हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। इधर, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी इस त्रासदी पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये कार्यक्रम बिहार समेत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा।

–––साउंड बाईट–––

---

केन्द्र सरकार ने आगामी महीनों में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और मौसमी मूल्य दबाव को कम करने के लिए बफर स्टॉक से प्याज की लक्षित आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि आगामी महीनों में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए प्याज की उपलब्धता पर्याप्त है, क्योंकि दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्याज का अनुमानित उत्पादन तीन सौ सात लाख मीट्रिक टन से अधिक है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पांच लाख जीविका दीदियों के बीच राशि का अंतरण करेंगे। ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––साउंड बाईट–––

रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री आज पांच लाख जीविका दीदियों को बड़ी सौगात देगी। श्री चौधरी पांच लाख जीविका दीदियों के खातों में कुल छह सौ करोड़ रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित करेंगे। चार लाख जीविका दीदियों को पहली किस्त के रूप में दस–दस हजार रुपये, जबकि एक लाख जीविका दीदियों को दूसरी किस्त के रूप में बीस–बीस हजार रुपये दिए जाएंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम से दस हजार महिला लाभुकों को जीविका निधि से पचास करोड़ रुपये का ऋण भी वितरित किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री, समृद्ध महिला समृद्ध बिहार अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में नशामुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग और प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर होगा।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मगध महिला कॉलेज, पटना में साइंस ब्लॉक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे और छात्राओं से संवाद करेंगे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में साइंस सिटी का निर्माण किया जाएगा। विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजगीर में राज्य खेल अकादमी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में भी तेजी लाने को कहा। श्री चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में जीविका दीदियों के माध्यम से पच्चीस लाख सौर ऊर्जा इकाइयों का लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया है।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान पहचान–पत्र यानी फार्मर आईडी के आधार पर उर्वरक की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

---

प्रदेश में घुसपैठ कर रह रहे लोगों की पहचान कर केंद्र सरकार की 'पुश बैक' नीति के तहत उन्हें देश से बाहर किया जायेगा। पटना में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में भारत–नेपाल संबंधी मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों को जाली नोट और ऑनलाइन माध्यम से विस्फोटक सामग्री मंगाने जैसे मामलों की जांच तेज करने के निर्देश दिए हैं।

---

राज्य में नौ नई आर्द्रभूमियों को अधिसूचित किया जाएगा। ये आर्द्रभूमियां भोजपुर, सारण, कटिहार, बेगूसराय और पूर्वी चंपारण जिलों में स्थित हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री रामचंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बिहार राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की पांचवीं बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया।

---

राजधानी पटना में स्वाइन फ्लू यानी एच–1–एन–1 के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। दोनों संक्रमित मरीज अगमकुआं और कंकड़बाग के रहने वाले हैं। राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की जांच में दोनों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। दोनों मरीज पिछले सप्ताह दिल्ली से पटना लौटे थे। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन फ्लू को देखते हुये सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है।

---

मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का भी अलर्ट है।

–––साउंड बाईट–––

---

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के राजा घाट सायफन में एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

---

गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव से पुलिस ने दस लाख रुपये रंगदारी मांगने, घर में लूटपाट कर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

---

सीवान जिले के जामो थाना क्षेत्र के बलडीहा गांव में शराब तस्करों का पीछा कर रही उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया गया। इस हमले में उत्पाद विभाग की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

नेपाल में आई भीषण बाढ़ से जुड़ी खबरों को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जल प्रलय, नेपाल में तबाही, बिहार सहमा।

प्रभात खबर ने इसी समाचार को प्रमुखता देते हुये लिखा है– तिब्बत में टूटा हिमनद, नेपाल में एक सौ साठ से ज्यादा की मौत, एक सौ तैंतीस भारतीय समेत एक हजार से अधिक लापता।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बेटियों के लिए मुख्यमंत्री ने शुरू की तीन योजनाएं।

दैनिक भास्कर ने पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के हवाले से लिखा है– पंचायत सचिवों के ट्रांसफर में गड़बड़ी, छत्तीस घंटे में जांच पूरी करें।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– भारत में पहली बार विकसित होगा हाई पावर हेलीकॉप्टर इंजन अरावली।

आज अखबार ने लिखा है– पटना में प्रदर्शन करने वाले सत्तर नामजद सहित एक हजार लोगों पर एफआईआर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. नेपाल में आई भीषण बाढ़ से गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण और मुजफ्फरपुर समेत छह जिलों में सतर्कता बढ़ाई गयी।
02. गंडक नदी के जलस्तर में आज सुबह से आने लगी है गिरावट। वाल्मीकिनगर बराज पर स्थिति सामान्य।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राज्य के सभी जिलों के दो–दो महाविद्यालयों में युवाओं की होगी भागीदारी।
04. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पांच लाख जीविका दीदियों के बीच मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली और दूसरी किस्त की राशि का करेंगे अंतरण।
05. और, राजधानी पटना में स्वाइन फ्लू के दो मरीजों की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सतर्कता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।